सत्यमेव जयते

प्रधानमंत्री

PRIME MINISTER

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

नई दिल्ली
पौष 23, शक संवत् 1946
13 जनवरी, 2025

**प्रिय शगुन,**

शुभाशीष। आशा करता हूं कि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आपकी तैयारियां अच्छे से चल रही होंगी।

आप जैसे कई विद्यार्थियों ने वडनगर में 'प्रेरणा' कार्यक्रम से जुड़े अपने विचारों को मुझसे साझा किया और बताया कि यह अनुभव आप सभी के लिए कितना विशेष रहा। यह देखना सुखद है कि भारत की संस्कृति, संस्कार व मूल्य आधारित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से जुड़ने की आपकी प्रतिबद्धता को एक नया आयाम मिला है। यहां से प्राप्त सार्थक व प्रेरक अनुभव आपके अंदर नेतृत्व के गुणों को सशक्त करने में सहायक होगा।

किसी भी राष्ट्र के सामर्थ्य को उपयोग में लाने और उपलब्ध संसाधनों के साथ न्याय करने में उसके प्रतिभाशाली युवाओं के श्रम, सामर्थ्य और नेतृत्व की बड़ी भूमिका होती है। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है जो तकनीक, विज्ञान, विनिर्माण, स्टार्टअप्स, खेल व अंतरिक्ष विज्ञान सहित हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएम-श्री विद्यालयों के माध्यम से बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है।

आप जैसे होनहार युवाओं की क्षमताओं को भरपूर अवसर और हौसलों को खुला आसमान देने के लिए पिछले एक दशक में भविष्योन्मुखी शिक्षा और कौशल विकास की दिशा में अनेक प्रयास किए गए हैं। युवाओं की मेधा व कौशल को निखारने के लिए आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को नये विकल्प दे रही है।

वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आप जैसे युवा देश की ऊर्जा हैं। इस कर्तव्य काल में आपको राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सौभाग्य मिला है।

मुझे विश्वास है कि जीवन में हरदम कुछ नया सीखने, समझने और उसे और बेहतर करने की चाह आपको सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी।

आपके अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित।

आपका,

(नरेन्द्र मोदी)

**Ms. Shagun**
Class- XI
PM Shri Kendriya Vidyalaya
OLF Raipur, District- Dehradun
Uttarakhand